खबर संक्षेप

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में मुठभेड़ जारी, 2-3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका

जम्मू-कश्मीर। उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। रामनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले जोफर गांव में दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की सूचना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस (जेकेपी) और अन्य सुरक्षा बलों की जॉइंट टीम तलाशी अभियान चला रही थी, इसी दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई।

एअर इंडिया की उड़ान में यात्री ने शराब के नशे में की शर्मनाक हरकत, सहयात्री के उपर की पेशाब

नई दिल्ली। नई दिल्ली से बैंकॉक जा रही एक उड़ान के दौरान एअर इंडिया के एक यात्री ने कथित तौर पर एक साथी यात्री पर पेशाब कर दी। घटना बुधवार की बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि एअर इंडिया ने इस घटना की सूचना नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को दे दी है। वहीं इस मामले में उड्डयन मंत्रालय सख्त नजर आ रही है। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने मामले पर संज्ञान लिया है। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि 9 अप्रैल 2025 को दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट AI2336 के केबिन क्रू को एक अनियंत्रित यात्री के व्यवहार की सूचना दी गई थी। क्रू ने सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया और मामले की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है। अनियंत्रित यात्री को चेतावनी देने के अलावा, क्रू ने पीड़ित यात्री के लिए शिकायत दर्ज करवाने में मदद की भी पेशकश की। हालांकि, उसने मना कर दिया। घटना का आकलन करने और अनियंत्रित यात्री के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई के लिए स्थायी स्वतंत्र समिति बुलाई जाएगी। एयर इंडिया ऐसे मामलों में डीजीसीए द्वारा निर्धारित गाइडलान का पालन करता है।

अलीगढ़ में एक मां ने उठाया ऐसा कदम, बेटी की डोली उठने से रह गई

अलीगढ़,एजेंसी।

अलीगढ़ में एक मां ने वो कर दिया है, जिसकी कल्पना करना किसी के लिए भी मुमकिन नहीं है। अलीगढ़ में एक मां को अपनी बेटी के होने वाले पति से ही प्यार हो गया। बेटी की शादी की तारीख के नजदीक आने पर मां अपने होने वाले दामाद के साथ ही घर से भाग गई।

जानकारी के मुताबिक घटना अलीगढ़ जिले के मडराक थाना क्षेत्र में हुई है। यहां मनोहरपुर गांव में जितेंद्र कुमार नामक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार जितेंद्र कुमार की पत्नी और उनकी बेटी का होने वाला पति शादी से पहले ही घर से भाग गए है। दोनों एक साथ भागे हैं और घर से लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का नकद और पांच लाख रुपये की कीमत के सोना-चांदी लेकर फरार हुए है।जितेंद्र कुमार की मानें तो बेटी की शादी 16 अप्रैल को होनी थी। शादी की तैयारियां जोर शोर से की जा रही थी। रिश्तेदारों को इनविटेशन भेजा जा चुका था। घर में खुशियों और शादी का माहौल बना हुआ था। इसी बीच कुमार की पत्नी एक दिन घर से गायब हो गई। इसी बीच शक गहराया और फोन की

डिटेल निकलवाई गई तो जो सच्चाई सामने आई उसे जानकर सभी के पैरों तले जमीन खिसक गई। जितेंद्र कुमार की पत्नी और उनका दामाद एक दूसरे के साथ भाग चुके थे।

घटना की जांच में सामने आया है कि महिला को कुछ समय पहले ही उनके होने वाले दामाद ने महंगा स्मार्टफोन गिफ्ट किया था। इस फोन के जरिए दोनों के बीच रात-दिन बातचीत होती रहती थी। जितेंद्र ने कहा कि वो मूल रूप से बैंगलोर में काम करते हैं और एक-दो महीने में ही घर आते है। पिछली बार घर आने पर पता चला कि पत्नी बेटी के होने वाले पति से काफी अधिक बातचीत कर रही थी मगर इस घटना को उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। बाद में ये भी पता चला कि दोनों के बीच 20 घंटे तक बात होती रहती थी। उस लड़के ने जितेंद्र कुमार की बेटी से ना के बराबर ही बातचीत की बल्कि उसकी मां से ही पूरा समय संपर्क में रहा।

जितेंद्र कुमार का कहना है कि शादी के लिए घर में नगदी और जेवर रखे थे जो गायब हो गया है। इस घटना से ना सिर्फ बेटी की शादी टूटी है बल्कि घर की इज्जत भी चली गई है। इस घटना में जिस युवती की शादी टूटी है उसका नाम शिवानी है। युवती का कहना है कि मेरी ही मां ने मेरी शादी बर्बाद कर दी है। मां के कारण मेरे होने वाले पति ने मुझसे बात तक नहीं की। बात करने की कोशिश करने पर सिर्फ शादी की तैयारियों में व्यस्त रहने का बहाना दिया जाता था। जब सच सामने आया तो पता चला वो मेरी मां से ही बात करता था। अब मेरी मां जिये या मरे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हमारा सामान हमें वापिस चाहिए।

पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि ये मामला बेहद संवेदनशील है। इसमें धोखाधड़ी, विश्वासघात व संपत्ति चोरी का मामला भी है। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जांच के लिए मोबाइल लोकेशन से लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

बिहार में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

नई दिल्ली। देशभर में भीषण गर्मी के बीच बिहार में बिजली गिरने से 3 जिलों में 10 लोगों की मौत हो गई है। आज बुधवार को 4 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट और 27 जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। असम और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का क्षेत्र के कारण बिहार तक नमी युक्त हवाएं आ रही है, जिनसे उत्तर-पूर्व के इलाकों में मौसम बदला है।

इधर, देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में अप्रैल के पहले हफ्ते से ही लू का असर तेज होता जा रहा है। राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा और पंजाब के कई हिस्से हीटवेव की चपेट में हैं। मध्य प्रदेश के 30 जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है। दिल्ली में 15 साल अप्रैल में तापमान 40 डिग्री के पार गया है। कई इलाकों में हीटवेव के हालात हैं। इससे पहले 2011 में यह स्थितियां बनी थीं। राजस्थान के बाड़मेर में मंगलवार को टेम्परेचर 47 डिग्री रहा। 10 साल बाद अप्रैल में बाड़मेर का पारा 47 डिग्री पहुंचा है। जैसलमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ समेत कई जिलों में तेज गर्मी रही।

अब दिल्ली और भोपाल के बीच फर्राटा भरती नजर आएगी ट्रेनें, इस वजह यात्रियों के टाइम की होगी बचत

नई दिल्ली, एजेंसी।

देश की राजधानी दिल्ली से मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। इन दो शहरों के बीच चलने वाली ट्रेनें अब फर्राटा भरते हुए नजर आएगी। दरअसल, इस वर्ष रेलवे के झांसी डिवीजन ने अनूठा काम किया है। डिवीजन ने वित्तीय साल 2024-25 में ट्रैक विस्तार, गेज परिवर्तन, कॉर्ड लाइन निर्माण और ऑटोमैटिक सिग्नलिंग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कई रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। झांसी रेल डिवीजन कुल 151 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का निर्माण किया है। इसमें से 115 किलोमीटर ट्रैक पर डबलिंग एवं ट्रिपलिंग का कार्य किया गया, जिससे न केवल ट्रेनें समय पर गंतव्य पर पहुंचेंगी, बल्कि मालगाड़ियों की भी स्पीड बढ़ेगी। गेज कन्वर्जन के तहत 29 किलोमीटर ट्रैक को बड़ी लाइन में बदला गया, जिससे सबलगढ़ और कैलारस जैसे स्टेशनों से ग्वालियर तक यात्रा करना अब अधिक सुविधाजनक हो गया है।

वहीं, इस वर्ष झांसी डिवीजन ने अपनी प्रथम कॉर्ड लाइन का भी निर्माण किया है। 7 किलोमीटर लंबी यह कॉर्ड लाइन दैलवारा और न्यू ललितपुर के बीच बनाई गई है। इस नई लाइन से वंदे भारत एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों के यात्रा समय में कमी आएगी और इंजन रिवर्सल के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा से राहत मिलेगी। डीआरएम दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि झांसी रेल डिवीजन में दूसरी एवं तीसरी लाइन के निर्माण से ट्रेनों की समय के पालन में सुधार हुआ है और मालगाड़ियों का ऑपरेशन अधिक आसान हो गया है।इस वर्ष ऑटोमैटिक सिग्नलिंग के क्षेत्र में भी झांसी डिवीजन ने उपलब्धि हासिल की है। 104 किलोमीटर ट्रैक पर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग का काम पूरा किया गया, जिससे झांसी डिवीजन भारतीय रेलवे का पहला ऐसा डिवीजन बन गया है।

जालंधर में पत्नी के प्रेमी पर बरसाए ईंट-पत्थर

5 साल के बच्चे की मां से हैं रिलेशन, महिला को रखने से इनकार पर भड़के परिजन

जालंधर, एजेंसी।

जालंधर में एक 19 साल के युवक को 5 साल के बच्चे की मां से प्यार हो गया, इसी पर गुस्साए महिला के पारिवारिक सदस्यों द्वारा युवक के घर पर हमला कर दिया गया। ये घटना मंगलवार देर रात भार्गव कैंप एरिया में हुई। जांच के लिए पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी।

दोनों एक दूसरे के साथ रिलेशन में थे। देर रात जब उक्त युवक के घर पर हमला हुआ तो जांच के लिए थाना भार्गव कैंप की पुलिस टीमें मौके पर पहुंच गई थी। जिन्होंने पारिवारिक सदस्यों के बयान दर्ज कर मामले में अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

भार्गव कैंप की रहने वाली शारदा ने कहा- हमारा 19 साल का बेटे की एक 5 साल के बच्चे की मां से बातचीत होती थी। उक्त महिला के पारिवारिक सदस्य मंगलवार को दोपहर घर पर आए और कहने लगे कि उनका बेटा उनकी बेटी के साथ रिलेशन में हैं।

महिला के परिवार वालों ने युवक के परिवार से कहा- हम अपनी बेटी का तलाक करवा देते हैं और

आप हमारी बेटी को रख लो और साथ में उनके पांच साल के बेटे को भी रख लो। हम अपने जमाई से बेटी का तलाक करवा देते हैं। जब महिला ने मना किया तो उसके घर पर देर रात महिला के पारिवारिक सदस्यों द्वारा हमला कर दिया गया। शारदा बोलीं- हमलावरों में पति भी था शामिल

शारदा ने कहा- हालांकि उक्त महिला का अपने पति के साथ कोर्ट केस चल रहा है। मगर फिर भी उक्त महिला के पति ने अपने साथियों के साथ हमला कर दिया। शारदा ने बताया कि ये हमला मंगलवार रात करीब 11.30 बजे हुआ। पीड़ित परिवार ने मामले में पुलिस कार्रवाई की मांग की। शारदा ने कहा- हमला करने आए आरोपियों में उक्त महिला का पति भी शामिल था।

जगराओं में एनआरआई के घर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

जगराओं, एजेंसी।

जगराओं पुलिस ने एनआरआई महिला के घर से चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला इंग्लैंड में रहती है। भाई जब घर की सफाई करवाने पहुंचा तो सारा सामान गायब मिला। पुलिस ने भाई की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया था।जानकारी के अनुसार आरोपियों की पहचान शेरपुर फाटक के पास रहने वाले निर्दोष कुमार उर्फ निरू और अनिल कुमार उर्फ बकरी के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता कपिल बांसल ने बताया कि उनकी बहन निशी इंग्लैंड में रहती हैं। उनका एक घर न्यू आत्म नगर में पुराने संत किरपाल पब्लिक स्कूल के पास है। निशी 21 मार्च को भारत आई थीं और कुछ दिनों बाद वापस इंग्लैंड चली गई।

भाई को घर के ताले टूटे मिले

कपिल बांसल घर की देखभाल के लिए हर दो-चार दिन में सफाई करवाने जाते थे। एक दिन जब वह घर पहुंचे तो ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान गायब था। पुलिस को शिकायत करने के बाद जांच शुरू की गई।

चोरी का सारा सामान भी बरामद

थाना सिटी के इंचार्ज वरिंदरपाल सिंह उप्पल ने बताया कि दोनों आरोपियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया। पूछताछ में आरोपियों ने न्यू आत्म नगर में एनआरआई महिला के घर से चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने चोरी का सारा सामान भी बरामद कर लिया है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों का रिमांड लेकर आगे की पूछताछ की जा रही है। पुलिस को शक है कि आरोपियों से पूछताछ दौरान और चोरी की वारदातों को लेकर भी सुराग मिलेंगे।

संगरूर में कनाडा भेजने के नाम पर ठगी, वर्क परमिट दिलाने का झांसा

बरनाला। पंजाब के संगरूर में कनाडा भेजने के नाम पर एक युवक से 7.20 लाख रुपए की ठगी की गई। पीड़ित सुखपाल सिंह ने सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हरियाणा के एजेंट ने कनाडा का वर्क परमिट दिलाने का झांसा दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के यमुनानगर के रहने वाले संजीव भाटिया ने सुखपाल को कनाडा का वर्क परमिट दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने पीड़ित का विश्वास जीतकर अलग-अलग किश्तों में कुल 7 लाख 20 हजार रुपए ले लिए। सुखपाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने आरोपी को दी गई सभी रकम के सबूत पुलिस को सौंप दिए हैं। आरोपी ने कई महीनों तक टालमटोल की।

पोल से लटका मिला बिट्टू यादव का शव, दो एंगल पुलिस करेगी जांच

बिहार, एजेंसी।

के सारण जिले में एक 18 वर्षीय बिहार के सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र से पुलिस ने बुधवार को सड़क किनारे एक पोल से लटके युवक का शव बरामद किया है. पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला बताकर जांच में जुट गई है. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों की सूचना के बाद खजुहट्टी और जई छपरा को जोड़ने वाली सड़क के किनारे पोल पर लटका एक युवक का शव बरामद किया गया. मृतक की पहचान मटियार पंचायत के डेरा पर गांव निवासी दशरथ यादव के पुत्र बिट्टू यादव (18) के रूप में की गई है।

मांझी थाना के थाना प्रभारी संकेत कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. मृतक के फोन को जब्त कर उसकी कॉल डिटेल की जांच की जा रही है. उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों के अनुसार उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी. वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक, मृतक कुछ दिनों से शांत रहता था और किसी से बातचीत नहीं करता था. आशंका जताई जा रही है कि

डिप्रेशन में उसने आत्महत्या कर ली हो. पुलिस डिप्रेशन के कारणों का भी पता लगा रही है. वैसे, इस मामले में और भी कई तरह की चर्चा है. कुछ लोग इस घटना के पीछे प्रेम प्रसंग की बात भी कर रहे हैं. पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी संकेत कुमार ने कहा कि हत्या या आत्महत्या मामले की सघनता से जांच की जा रही है और उक्त मामले में अगर कोई भी दोषी पाया जाता है तो उसकी शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी. मृतक का शव उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर सड़क के किनारे फंदे से झूलता बरामद किया गया है।

वाराणसी गैंगरेप, बैडमिंटन खिलाड़ी बनना चाहती थी बिटिया

वाराणसी, एजेंसी।

बेटी के साथ हुई घटना को बयां करते वक्त पिता भावुक हो जाते हैं। खुद को संभालते कहते हैं- आप समझिए, उसको नॉर्मल होने में 48 घंटे लगे। फिर उसने जो कुछ बताया, वह सुनकर हम लोगों का दिल बैठ गया।

मेरी बेटी के साथ 6 दिन में 23 लड़कों ने हैवानियत की, फिर सड़क किनारे फेंक दिया। पुलिस ने पहले हमारी मदद तक नहीं की। फिर मीडिया के दबाव में 7 अप्रैल को स्न्नढ्ढक्र दर्ज की। बेटी अब घर के लड़कों को भी देखकर चीख उठती है।

बेटी ने क्लास में पढ़ने वाले दानिश, साजिद, राज खान और आयुष के नाम बताए, जो उसको अपने साथ लेकर गए थे। जिन लड़कों पर उसने भरोसा किया, उन्होंने ने ही धोखा दिया। वह इस वक्त मेंटल ट्रॉमा से गुजर रही है। दैनिक भास्कर ने गैंगरेप पीड़िता के पिता का दर्द समझा। पढ़िए रिपोर्ट...

पिता ने कहा- वह बैंडमिंटन स्पोर्ट्स में आगे बढ़ना चाहती थी। अब मैं क्या करुं, कुछ समझ नहीं आ रहा है।

पिता ने कहा- वह बैंडमिंटन स्पोर्ट्स में आगे बढ़ना चाहती थी। अब मैं क्या करुं, कुछ समझ नहीं आ रहा है।

29 मार्च. किताब लेने गई बेटी, फिर नहीं लौटी

पिता कहते हैं- मैं ड्राइवर हूं। गाड़ी चलाता हूं। हम गरीब लोग हैं। हमारी जिंदगी में इस भूचाल की शुरुआत 29 मार्च की सुबह हुई। बेटी ने कहा कि कुछ किताब खरीदनी है, मैं एक सहेली के साथ बाजार तक जा रही हूं। हम लोगों लगा कि बेटी 4-5 घंटे में घर वापस आ जाएगी। मगर ऐसा हुआ नहीं।

हमने उसका मोबाइल नंबर मिलाया, मगर फोन बंद था। हमने रिश्तेदार, उसके दोस्तों को फोन किए। कुछ पता नहीं चला। हम लोग घबरा गए, लालपुर-पांडेयपुर थाने पहुंचे। बेटी के लापता होने की शिकायत पुलिस को सौंपी। पुलिस ने बेटी का हुलिया पूछा, फिर रिपोर्ट लिख ली। पुलिस ने भरोसा दिया कि हम पता कर रहे हैं, जैसे ही कुछ मालूम होगा, आपको बता देंगे।

हम लोग फिर से थाने पहुंचे। पुलिस वाले अब ज्यादा बातचीत नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया, अभी कुछ पता नहीं चला है। बेटी की तस्वीर को दूसरे थाने में भेजा गया है। हम लोग निराश हो गए। वाराणसी की सड़कों पर बेटी को ढूंढने लगे। मगर, शाम तक कुछ पता नहीं चला। इधर, घर में मेरी पत्नी की तबीयत बिगड़ने लगी। ऐसे ही 5 दिन परेशान रहे, बिटिया को ढूंढते रहे।

पाक से लगती सीमा पर आईईडी विस्फोट में बीएसएफ का जवान घायल

पंजाब, एजेंसी।

पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बाड़ के पास बुधवार को हुए 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी)' विस्फोट में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। बल ने एक बयान में यह जानकरी दी। भारत के पश्चिमी हिस्से में इस संवेदनशील सीमा पर आईईडी लगाए जाने की यह एक दुर्लभ घटना है। इसमें कहा गया है कि यह घटना गुरदासपुर जिले में आठ और नौ अप्रैल की मध्य रात्रि को हुई। बल ने बताया कि बीएसएफ का एक दल रात के समय सीमा सुरक्षा बाड़ के आगे गश्त कर रहा था और उसने भारतीय क्षेत्र में छिपाए गए तारों के साथ कई आईईडी का पता लगाया। इस गश्ती दल का उद्देश्य क्षेत्र पर नियंत्रण रखना और सैनिकों, रक्षा कर्मियों तथा दिन के समय अक्सर इस मार्ग से होकर गुजरने वाले स्थानीय किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

बयान में कहा गया है कि इलाके की घेराबंदी, छानबीन और तलाशी के दौरान कुछ आईईडी के विस्फोटक

उपकरण दुर्घटनावश से फट गए, जिसके कारण बीएसएफ के एक जवान के पैर में गंभीर चोट लग गई। बल ने बताया कि शेष आईईडी को निष्क्रिय कर दिया गया।